बांस के विशेष उपचार

2.4 <u>संकुल एवं गुथे हुए भिर्रो का उपचारः–</u>

यदि किसी क्षेत्र में किसी भी श्रेणी में संकुल एवं गुंथे हुए भिर्रे पाए जाते हैं, तो उनका अभिलेखीकरण कर निम्नानुसार कार्यवाही की जाएगीः–

उपचार कार्यः– संकुल एवं गुंथे हुए भिर्रो को अनुभाग बनाकर पातन किया जायेगा। एक भिर्रे में कार्य करने हेतु बनाये जाने वाले अनुभाग की अधिकतम संख्या 3 होगी। बीच का अनुभाग त्रिभुजाकार होगा जिसका शीर्ष परिधि पर होगा। इस बांस कटाई कार्य के दौरान बीच वाले अनुभाग (I) में निशेष पातन किया जायेगा। क्रमशः बगल वाले अनुभागों (II) एवं (III) में उपचार प्रकार II के अनुरूप भिर्रे की परिस्थिति को देखते हुए कार्य किया जायेगा। इन अनुभागों में यह सुनिश्चित किया जाए कि रोके जाने वाले बांसो में यथा संभव समुचित अंतराल उत्पन्न हो सके।



भिर्रे का तीन अनुभागों में विभाजन का चित्र

2.5 बांस वृक्षारोपण क्षेत्रों का उपचारः– जैसा कि उपचार प्रकार में उल्लेखित किया गया है कि यदि बांस रोपण क्षेत्र स्वस्थय एवं अच्छे भिर्रो की स्थिति सही नहीं हो तथा वे गुंथ चुके हों तो उन्हें उपचार प्रकार–I के अनुरूप किया जाएगा। यदि भिर्रो की स्थिति सही नहीं हो तथा वे गुंथ चुके हों तो उन्हें उपचार प्रकार–II के अनुरूप उपचारित किया जाएगा।